**मुकद्दस रमज़ान**



- 24वां रोज़ा–
- अफ्तार–शनिवार 6 :17 बजे
- 25वां रोज़ा–
- सहरी–रविवार 5 :02 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### बाग में अचेत अवस्था में मिला वृद्ध

**माधौगंज, हरदोई।** थाना क्षेत्र की नगरपंचायत कुरसठ के मोहल्ला रामनगर निवासी महिलपाल (60) शुक्रवार को पास के बाग में हवन के लिए लकड़ी तोड़ने गए थे। पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने महिपाल को जमीन पर पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। रोहित ने बताया कि पिताजी हार्ट के मरीज थे। एक बार हार्ट की सर्जरी हो चुकी थी।

### स्वदेशी जागरण मंच 19 को मनाएगा नववर्ष

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वदेशी जागरण मंच के नगर एवं जिला कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक जागरण मंच के प्रांत सान्यवयक हर्ष वर्धन सिंह के आवास स्थित लखनऊ मार्ग सीताराम कालोनी पर जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि स्वदेशी को और व्यापक और वृहद बनाने के लिए हम सबको मिलकर 19 मार्च को चैत्र मास को स्वदेशी नव वर्ष के नाम से मनाएंगे।

### जन सनुवाई में सुनीं 71 लोगों की समस्याएं

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे शुक्रवार को कुल 71 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि .रा. प्रियंका सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# लकड़ी के पुल से आस्था की डगर चल सिद्धनाथ पहुंचे श्रद्धालु

समय तिवारी, अतरौली, हरदोई,

- सिद्धनाथ बाबा के 26वां वार्षिकोत्सव में हुआ कीर्तन रामलीला का आयोजन
- विशाला भंडारे में सिद्धनाथ मन्दिर में भगवान को लगाया 56 भोग
- गोमती नदी किनारे गांव में लगा मेला

**अमृत विचार।** शुक्रवार को आदि गंगा गोमती नदी के किनारे लालपुर खाले गांव में सिद्धनाथ बाबा का 26 वां वार्षिकोत्सव कश्यप मित्र गण विशाल भंडारा एवं कीर्तन रामलीला का आयोजन किया गया। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर की मान्यता प्राचीन है सीतापुर लखीमपुर बाराबंकी लखनऊ जनपद के श्रद्धालु मेला में आकर प्रसाद ग्रहण किया।

26वां वार्षिकोत्सव मेला में आदि गोमती नदी पर बने लकड़ी के पुल से होकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मेले में अधिक भीड़ को देखकर जनपद सीतापुर के शिवपुरी गांव के रामसुमेर बाबा ने भक्तों के लिए अकेले लकड़ी का पुल बनाया। सुमेर बाबा द्वारा 22 वर्षो से निरंतर निःशुल्क श्रद्धा भाव से लकड़ी के पुल का निर्माण करते हैं। लकड़ी का पुल डगमगाता रहा श्रद्धालु उसके ऊपर से निकलते रहे। जनपद सीतापुर के गांव शिवपुरी, छूला, नरायनपुर, बहरवा, रसुलवा, पारा, सहोली, पहाड़पुर, गढ़ी, पुरवा, खेरवा, तेरवा समेत जनपद सीतापुर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लेकर खरीदारी की और मेले का आनन्द उठाया। सिद्धनाथ बाबा मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ ही दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, कानपुर, सीतापुर के भक्त बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। सिद्धनाथ बाबा की ओर आने वाले मार्ग खराब पड़े, फिर भी आस्था अपार रही मेले तक आने वाले गांव की सड़कों पर लगा रहा जाम। जाजूपुर गांव के मार्ग में कीचड़ से आने वाले श्रद्धालूओ को अधिक दिक्कत हुई।



लकड़ी के पुल से आस्था की डगर नाप सिद्धनाथ जाते भक्त। अमृत विचार



जानकारी देते सुमेर बाबा।



सिद्धनाथ बाबा मन्दिर में लगाया गया छप्पन भोग का प्रसाद। अमृत विचार

### फूलों की वर्षा कर बाबा को लगाया गया 56 भोग

सिद्धनाथ बाबा कमेटी के अध्यक्ष गोकुल कश्यप, कश्यप मित्रगण सेवा समिति के अध्यक्ष हरिश्याम कश्यप संतराम कश्यप, दीपक कश्यप ने बाबा पर फूलों की वर्षा कर 56 भोग लगाया। मुख्य अतिथि वीरू साहनी सभापति मत्स्य विभाग, एमएलसी अशोक अग्रवाल, विधायक अलका अर्कवंशी, सपा नेता डॉ. अश्वनी सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नेत्री शिल्पा अग्रवाल,ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर, संतराम प्रधान,दिनेश सिंह चौहान रमेश कश्यप, श्रीराम कश्यप प्रधान, मेवालाल, भाजपा नेता अजय सिंह आदित्य, कश्यप मित्र मंडल अध्यक्ष हरिश्याम कश्यप, दीपक कश्यप, दीनू सिंह, सूरज सिंह चौहान, चन्दर कश्यप, अरविन्द यादव मौजूद रहे। कानपुर से आये राम पान्डेय की टीम दिनभर भजन कीर्तन किया। रात्रि में रामलीला हुई। वार्षिकोत्सव के भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# वीआईपी का किया इंतजाम, आम जनता झेले जाम

## घंटों यातायात में फंसे रहे स्कूली बच्चों के वाहन, एंबुलेंस को रास्ता न मिलने से मरीजों की जान जोखिम में

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर की जाम की समस्या दूर न कर पाने वाले जिले के अधिकारियों ने अपने जाम की समस्या दूर कर ली, जिसके चलते आम जनता को शुक्रवार को घंटों जाम झेलनी पड़ी। इस जाम में कई स्कूली बसें फंसी रहीं। एंबुलेंस में मरीजों को भी जाम का दर्द झेलना पड़ा।

बताते चलें कि कचेहरी रोड पर गुरुवार को बड़े वाहनों पर रोक लगाने के लिए बैरियर लगा दिए गए थे। इस रोड पर अधिकारी व गेस्ट हाउस जाने वाले वीआईपी जाम में फंस जाया करते थे। शुक्रवार को इस रोड की बजाय घंटाघर रोड से बड़े वाहनों का निकलना शुरू हुआ, जिस कारण घंटाघर रोड, महात्मा गांधी रोड, सांडी रोड, शाहजहांपुर रोड, गांधी भवन रोड पर जबर्दस्त जाम लग गया। इसी दौरान कई स्कूली की छुट्टी हो गई। इन स्कूलों की बड़ी बसें भी जाम में फंस गई, जिससे नन्हें-मुन्ने बच्चों को भीषण गर्मी में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी, कुछ अभिभावक जैसे तैसे पैदल पहुंच कर जाम में फंसी बसों से अपने बच्चों को उतार कर घर ले गए। जाम के दौरान कई एंबुलेंस भी फंस गई। रोडवेज बस अड्डे तक लगी भीषण जाम से यात्रियों को काफी असुविधा उठानी पड़ी। यहां से निकलने वाली बसें काफी देर जाम के संकट को झेलती रही। जाम के हालात यही रहे तो आने वाले दिनों में कड़ी धूप व गर्मी में यही जाम घातक साबित हो सकता है।




जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### शहर के सभी निजी वाहन स्टैंड शहर के बाहर से होंगे संचालित

**हरदोई, अमृत विचार।** आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभात नितिन अग्रवाल ने कहा है कि हरदोई शहर के सभी निजी बस , टेंपो, मैजिक स्टैंड अब शहर की सीमा के बाहर से ही संचालित होंगे। आबकारी राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने उक्त संदर्भ में उन्होंने हरदोई डीएम अनुनय झा को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि हरदोई, फर्रुखाबाद लोनार, हरदोई पिहानी लखीमपुर खीरी, हरदोई कानपुर उन्नाव, हरदोई गोपामऊ, लखीमपुर खीरी, हरदोई सीतापुर के सारे स्टैंड हरदोई शहर के भीतर सहित संचालित हो रहे थे, जिसके चलते हरदोई शहर यातायात व्यवस्था पूरी तरीके से पंगु बनकर रह गई थी।



कलेक्ट्रेट के सामने टूटा पड़ा बैरियर। अमृत विचार

### बैरियर ने खोली सरकारी कामकाज की पोल

**हरदोई, अमृत विचार।** कचेहरी रोड पर जो बैरियर लगाए गए थे वह रात में ही गिर गए। गनीमत यह रही कि यह भारी भरकम बैरियर किसी के ऊपर नहीं गिरे, वरना किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। अधिकारियों के आदेश पर लगाए गए यह बैरियर जब चौबीस घंटे में ही गिर गए तब निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली का अंदाजा स्वत: ही लगाया जा सकता है। गिरे हुए बैरियरों को शुक्रवार को दोबारा लगवाया गया।

### बिजली चोरी के खिलाफ अभियान, 32 लोगों पर एफआईआर

**हरदोई, अमृत विचार।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग ने शुक्रवार को तड़के विशेष अभियान चलाया। विद्युत वितरण खंड-हरदोई के अधिशासी अभियंता के निर्देशन में सुबह करीब 4 बजे से 6 बजे तक अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की गई। इस दौरान कई स्थानों पर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते हुए लोग पकड़े गए। अभियान के तहत चरोली, बेनगंज, आशा नगर, पिहानी चुंगी, पुराबहादुर, मुन्नेमियां चौराहा, नघेटा रोड, रफी अहमद चौराहा और प्रगति नगर समेत कई मोहल्लों में विद्युत विभाग की टीमों ने जांच की। जांच के दौरान कुल 32 उपभोक्ता ऐसे मिले जो बिना वैध कनेक्शन या फिर अनियमित तरीके से बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। विभाग की टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए इन सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया है।

# महिलाओं और बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं : एकता सिंह

**राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई कर दिया निर्देश**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महिला आयोग द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महिला जनसुनवाई में सदस्य ने घरेलू हिंसा एवं अन्य तरह की पीड़ित महिलाओं के प्राप्त 12 शिकायती पत्रों का संज्ञान लेते हुए उपस्थित सीओ सिटी अंकित मिश्रा को निर्देश दिये कि संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित करें कि बार-बार महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लें और दोषियों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाये।

सदस्य ने कहा कि किसी भी विभाग या अन्य स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं होगा, महिला उत्पीड़न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को ससमय महिला आयोग प्रेषित करायें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव, महिला थानाध्यक्ष निशा शुक्ला, जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्रियंका, सतीश कुमार, रामू यादव, सुरभि सिह, प्रशांत दीक्षित व कीर्ति आदि मौजूद रहें।




पीड़ितों की शिकायतें सुनतीं महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह।

### युवती की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** तबियत बिगड़ने पर शहर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराई गई महिला की वहीं मौत हो गई। भाई ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पिहानी कोतवाली के अंदा इब्राहिमपुर निवासी अजय सिंह की पत्नी संजू सिंह (35) की गुरुवार की शाम तबियत बिगड़ गई। उसे शहर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भाई ब्रजकिशोर निवासी धूरा,टड़ियावां ने बहन की मौत के लिए उसके ससुराल वालों को ज़िम्मेदार बताया। आरोप है कि जानबूझ कर इलाज में लापरवाही बरती गई।

### कलयुग में नामजप से ही भवसागर होंगे पार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवारखेड़ा स्थिति जनता इंटर कॉलेज मे होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति श्रीं हंस योग आश्रम द्वारा आयोजित दो दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन सकुशल सम्पन्न हुआ। उत्तराखण्ड के नैनीताल आश्रम से आये म. आलोकानन्द ने कहा कि संत बड़े ही परोपकारी होते हैं, जो अपना सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण और सेवा में समर्पित कर देते हैं, संतों की कृपा से ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। बरेली आश्रम प्रभारी महात्मा तारामती बाई ने कहा कि सद्गगुरु की कृपा से आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है, नई पीढ़ी में आध्यात्मिक संस्कार विकसित करना चाहिए। आश्रम प्रभारी महात्मा विद्युतानन्द ने कहा कि संतों का सानिध्य ही भक्तों के लिए तीर्थ है, तीर्थों में जाने के बजाए संतों की सेवा करनी चाहिए।



सम्मेलन में बोलते आलोकानंद।

# निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराएं परीक्षा : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आज स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए तैनात सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी तत्व के विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए और कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए साथ ही केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ अभ्यर्थियों के सामान को सुरक्षित रखने हेतु व्यवस्थित क्लोक रूम और तलाशी के दौरान महिला अभ्यर्थियों की समुचित व्यवस्था पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छता, सुचारू विद्युत आपूर्ति और अभ्यर्थियों के लिए शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को समय रहते पूर्ण करने के आदेश दिए गए।



पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीएम-एसपी।

### गैस, पेट्रोल की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डीएम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि यदि कही से भी कोई शिकायत मिलती है कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी प्रतिनिधियो से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। कहा कि यदि कही भी अवैध भंडारण पकड़ा जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो तो उसके लिए कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी ऑपरेशन स्थापित कंट्रोल रूम के नंबरों 05852*299155,05852-299156,05852-299157 पर कॉल करके अपनी शिकायत बता सकते हैं।

### बेवजह गैस का स्टॉक न करें लोग : एसडीएम

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों को एसडीएम ने गैस की कमी न होने देने का भरोसा दिया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर एसडीएम अंकित तिवारी ने बताया कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर लोग अनावश्यक स्टॉक करने में लगे है जिस कारण घरेलू गैस मिलने में कुछ दिक्क़त का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की अनावश्यक घरेलू गैस का स्टॉक न लगाएं जरूरत पर ही अपना सिलेंडर रिफिल करवाएं। गैस गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। घरेलू गैस की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को सभी पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शिकायत आने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी।

**प्रेस वार्ता** | **भाजपा विधायक ने प्रेस वार्ता कर लोगों को अफवाहों से सावधान रहने को कहा**

# पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं : श्याम प्रकाश

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने भैंसटा पुल स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में नगर व क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। अफवाहों के चलते लोग जरूरत से अधिक स्टॉक जमा कर रहे हैं, इसलिए जनता किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों से सावधान रहे।

पंचायत चुनाव को लेकर विधायक ने कहा कि चुनाव समय पर होना चाहिए, लेकिन यदि किसी कारणवश देरी होती है तो वर्तमान प्रधानों और ब्लॉक प्रमुखों को ही प्रशासक बनाया जाना चाहिए, न कि किसी सरकारी कर्मचारी को। इससे पंचायती राज व्यवस्था मजबूत बनी रहेगी और स्थानीय प्रतिनिधित्व भी कायम रहेगा। विधायक ने पीडब्ल्यूडी द्वारा कुइया, शाहाबाद तिराहा और चपरतला क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं हुए तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विधायक ने बताया कि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई गई है तथा नगर की जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए भी जल्द कार्य कराया जाएगा। पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने जहानी खेड़ा में डॉक्टर की तैनाती, गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने, पशु चिकित्सालय भवन निर्माण तथा अमृत सरोवर से जुड़ी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश, पीयूष शुक्ला, संजू शुक्ला, वीरू सिंह, राजीव गुप्ता, सेठ अरुण गुप्ता, आदर्श सिंह, गिरीश बाजपेई सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते विधायक श्याम प्रकाश। अमृत विचार

- कहा, पंचायत चुनाव समय से न होने पर ब्लॉक प्रमुख व प्रधानों को बनाया जाए प्रशासक

### बालिका से रेप में 10 साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर 10 साल की कड़ी कैद और 20000 जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गरीब पुरवा निवासी मोहम्मद नाजिम ने बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। कहा कि 11 जनवरी 2017 को आरोपी ने उसकी बेटी को फुसला कर अपहरण कर लिया और दुष्कर्म किया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और बालिका के बयानों के आधार पर आरोपी पर रेप का जुर्म साबित पाया।

# होली का पर्व प्रेम व भाईचारे का प्रतीक

संवाददाता, हरदोई


- सुरसा में होली मिलन समारोह में पहुंचे मंत्री नितिन अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती

**अमृत विचार।** विकास खंड परिसर सुरसा में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती की उपस्थिति में परस्पर प्रेम व भाईचारे के भाव से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती ने अपने निर्वाचन क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए होली के पावन पर्व पर परस्पर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

इसी क्रम मे राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल व अध्यक्ष प्रेमावती ने विकास खण्ड सुरसा क्षेत्र की विभिन्न लोक कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास कर, क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। होली मिलन समारोह मे प्रमुख रुप से सदस्य राष्ट्रीय परिषद व् क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनु मोर्चा पीके वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विजय पाल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्रा, बीडीओ कविता अवस्थी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उदय पाल सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



समारोह में बोलते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।



रोजा

शिया
सहरी : 04.48 बजे
अफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.54 बजे
अफ्तार : 06.17 बजे

न्यूज ब्रीफ

## धर्म के पालन से ही दुखों का हल: केसरी



**महोली, सीतापुर :** विकास खंड महोली के ग्राम महुआ कला स्थित बरम बाबा स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। कथा व्यास संत मानस केसरी ने कहा कि परमात्मा जड़ और चेतन, प्रत्येक कण में समान रूप से विद्यमान हैं। यदि मनुष्य धर्म का सही पालन करे तो जीवन की अधिकांश बाधाएं स्वत: समाप्त हो सकती हैं। विभिन्न प्रसंगों के बाद आरती संग कथा संपन्न हुई।

## सांसद निधि से रोशन हुईं तीन पंचायतें

**सीतापुर, अमृत विचार :** धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया ने सांसद निधि से क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों को रोशनी की सौगात दी है। उनकी पहल पर ग्रापं मल्लापुर, नबीनगर और चक जोशी में एक-एक हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई हैं। लाइटों के लगने से गांव के सार्वजनिक स्थानों पर पसरा अंधेरा दूर होने पर ग्रामीणों ने राहत मिलने की बात बताई है। मल्लापुर में मदीना मस्जिद के पास लाइट लगने से नमाजियों ने सांसद का आभार जताया है।

## मेधावी बालिकाओं का कल होगा सम्मान

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं के जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार दीक्षित की अगुवाई में 'महक संस्था' द्वारा रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। नगर के सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज सभागार में 10 बजे से होने वाले कार्यक्रम में जनपद स्तरीय महक प्रतियोगिता की विजेताओं और 'राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा' में सफल परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## बंदरों के हमले से भक्त और दुकानदार त्रस्त

**नैमिषारण्य, सीतापुर :** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य में इन दिनों बंदरों की दहशत है, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था पर डर भारी पड़ रहा है। चक्रतीर्थ से लेकर मां ललिता देवी मंदिर तक बंदरों के झुंड राहगीरों से सामान छीनने और उन पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन कार्रवाई नहीं की गयी जिससे परेशानी बढ़ती जा रही है। इलाका वासी राहुल तिवारी, राममिलन, आशीष, रामशरण, दुर्गेश आदि का कहना है कि बंदरों के हमलों से श्रद्धालु और दुकानदार दोनों परेशान हैं। इससे पर्यटन और व्यवसाय दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी को आजीवन कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला पुलिस की पैरवी के चलते पॉक्सो एक्ट के एक अपराधी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एसपी के निर्देशन में थाना मिश्रिख पुलिस व अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में पैरवी की। परिणामस्वरूप शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-14/पॉक्सो एक्ट ने लब्बर उर्फ चन्द्रभाल उर्फ शुभम को बीएनएस की धारा और पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के तहत दोषी पाया। न्यायालय द्वारा दोषी को आजीवन कारावास के साथ 40 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के भाई द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, देर शाम उसकी बहन घर लौट रही थी। तभी युवक उसे जबरन एक मकान में खींच ले गया और उसके साथ गलत काम किया। चीख-पुकार सुनकर जब भाई मौके पर पहुंचा, तो गया सरांय निवासी आरोपी कामिल वहां से भाग निकला। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कामिल को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

# मुल्क की सलामती की मांगी गयी दुआ

## शहर से लेकर गांव तक पूरी तरह सक्रिय रहा जिला प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

अलविदा की नमाज

अमृत विचार टीम, सीतापुर



खैराबाद कस्बे की गलियों में उड़ता ड्रोन।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एएसपी।

जिले में रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज पढ़कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और कई जगहों पर पुलिस ने पैदल मार्च किया। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी के बीच डीएम-एसपी भ्रमणशील रहे। रमजान माह के आखिरी जुमे पर जनपद भर में अलविदा की नमाज 23 वें रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। भारी पुलिस बल के साथ एसपी अंकुर अग्रवाल की टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण करती रहीं, जिससे पूरे जिले में अमन-चैन का माहौल कायम रहा। नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। शहर में सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय और सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया। **लहरपुर संवाद** के अनुसार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल गश्त किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

महमूदाबाद क्षेत्र में भी अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई। नमाजियों ने खुशहाली की दुआ की। महमूदाबाद नगर, पैतेपुर, रामपुर मथुरा, सदरपुर और बांसुरा समेत कई कस्बों की मस्जिदों में दोपहर करीब एक बजे नमाज अदा की गई। सिधौली क्षेत्र में भी जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद समेत कई मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।

### ड्रोन के सहारे पुलिस-पीएसी रही हमराह

डीएम राजा गणपति आर. व एसपी अंकुर अग्रवाल की अगुवाई में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। पुराना शहर व खैराबाद की गलियों में ड्रोन के सहारे निगरानी हुई।



अलविदा की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

## अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

**लहरपुर, सीतापुर :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को रमजान के अंतिम जुमे (अलविदा) की नमाज शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर मस्जिदों में मुल्क की अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी गईं। नगर की शहर बाजार चौराहा स्थित मरकज मस्जिद में मुफ्ती अब्दुल रहमान और जोशी टोला चुंगी स्थित हजरत उमर फारूक मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद फहद ने नमाज अदा कराई। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन सुबह से ही मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद व कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गुरखेत बाजार, मजाशाह, जोशी ताल, बिस्वां तिराहा गेट और शाहकुलीपुर सहित सभी प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा।





सदर तहसील में जनसुनवाई करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी। अमृत विचार

## पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना प्राथमिकता: सुजीता कुमारी

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने शुक्रवार को सदर तहसील सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आईं महिलाओं ने घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और संपत्ति विवाद जैसे मामलों से संबंधित 19 शिकायतें दर्ज कराईं। सदस्य ने पीड़िताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि हर महिला को न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। आयोग की टीम ने महिलाओं को कानूनी प्रावधानों व सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। जनसुनवाई के बाद सदस्य ने विकास खंड पिसावां में 'शक्ति संवाद' चौपाल को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए समाज में महिला और पुरुष को समान दर्जा देना अनिवार्य है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 17 साल बाद लोगों को जगी उम्मीद, चीनी मिल में शुरू हुई गन्ने की खरीद

**संवाददाता कमलापुर, सीतापुर:** क्षेत्र की वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिल के पुनः संचालन की दिशा में जिला प्रशासन और मिल प्रबंधन की मुहिम रंग लाई है। डीएम के प्रयासों के बाद, मिल प्रबंधन ने ट्रायल रन के लिए आवंटित क्षेत्र से गन्ना खरीद शुरू कर दी है। बता दें कि यह मिल करीब 17 वर्षों से बंद थी, जिससे किसानों का करोड़ों का बकाया फंसा हुआ था। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश पर नीलामी के जरिए इसे एनआर इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने खरीदा था। शासन-प्रशासन से ट्रायल की अनुमति और 13 क्रय केंद्रों के आवंटन के बाद अब विधिवत खरीद शुरू हो गई है। मिल शुरू होने से न केवल गन्ना किसानों को फसल का वाजिब दाम मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे सीधे तौर पर ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इस पहल से क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों में खुशी की लहर है।

## मतिकपुर में लगातार दूसरे दिन भी चोरी ग्रामीणों में आक्रोश

**बिसवां, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतिकपुर में चोरों की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही। लगातार दूसरे दिन चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों का माल पार कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत और पुलिस के प्रति नाराजगी है। मामला गांव के बाहर स्थित लालजी यादव के फार्म हाउस का है। लालजी के मुताबिक, देर रात वो अपने नाती का तिलक लेकर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने गेट का ताला तोड़कर घर में रखे इनवर्टर, बैटरी व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह वापस लौटने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पीआरवी और कोतवाली पुलिस ने मौके पर जांच की। ग्रामीणों ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की। सीओ बिसवां अमन सिंह ने जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी और मामले के खुलासे का आश्वासन दिया है।

## बैडमिंटन में संस्कार, सुगंधी और चांदनी चमकीं

**सीतापुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में स्थानीय तरणताल स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित हुई। शुभारंभ प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने किया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के करीब 60 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक एकल वर्ग में संस्कार ने मोहम्मद रेहान को हराकर स्वर्ण पदक जीता, बालक युगल में अमन और अभय की जोड़ी विजेता रही। बालिका एकल वर्ग में सुगंधी ने शगुन को मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका युगल में सुगंधी और चांदनी की जोड़ी ने खिताबी जीत दर्ज की। मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. निखिल रस्तोगी, क्षितिज त्रिपाठी, मिलन यादव और ओम प्रकाश यादव मौजूद रहे। अंत में प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## कार्य के दौरान लाइनमैन की मौत, कोहराम

**खैराबाद, सीतापुर :** महेशपुर गांव में एक बड़ा हादसा हो गया जहां पोल पर मरम्मत कर रहे संविदा कर्मी की करंट से मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, विद्युतकर्मी दिनेश पावर हाउस से शटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर ठीक कर रहा था। इस दौरान अचानक करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। सूचना मिलते ही भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राकेश राजवंशी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

## मछरेहटा ब्लॉक में 'प्रेरणा दिवस' आयोजित



प्रेरणा दिवस के दौरान उपस्थित ग्रामीण व अधिकारीगण। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर :** विकासखंड सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 'प्रेरणा दिवस' आयोजित हुआ। बीडीओ राजेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना रहा। डीएम व सीडीओ के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ ने महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया मिशन का लक्ष्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि करना है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें।



मेधावियों के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, योगासन में दूसरा स्थान

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद में खेलकूद की गतिविधियों ने जोर पकड़ लिया है। एक ओर जहां सिधौली में दूधिया रोशनी के बीच क्रिकेट का रोमांच शुरू हुआ है, वहीं दूसरी ओर अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के बच्चों ने योग में परचम लहराया है। सिधौली के गांधी विद्यालय मैदान पर बालाजी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेता बच्चे प्रसाद वाजपेई और व्यवसायी अभय जैन ने पिच पर बैट-बॉल खेलकर इसका उद्घाटन किया। कारागार मंत्री सुरेश राही ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन मैच में 'ब्रदर्स इलेवन' ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। 8-8 ओवर के इस टूर्नामेंट के लिए मैदान में एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। आयोजन में हिमांशु जैन, गिरीश शुक्ला व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## फिरोजपुर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत, साथी घायल

**संवाददाता हरगांव, सीतापुर:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत देर रात सड़क हादसे में गन्ना बेचकर घर लौट रहे किसान की मौत हो गई, जबकि बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। नरहरपुर गांव निवासी दिनेश (45) गांव के ही राजकुमार की बैलगाड़ी पर गन्ना लादकर मिल गया था। वापसी के दौरान फिरोजपुर गांव के पास भूसी से भरे एक ओवरलोड अज्ञात वाहन ने बैलगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजकुमार और बैल गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से गयी बालक की जान, आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर:** क्षेत्र के राजापुर नहर माइनर स्थित एक निजी क्लीनिक पर झोलाछाप द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से मासूम की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम लच्छन नगर निवासी पंकज का पुत्र अनुराग (5) बुखार से पीड़ित था। पंकज उसे लेकर रघुनाथपुर निवासी डॉक्टर कौशल की क्लीनिक पर गया था। आरोप है कि झोलाछाप द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद अनुराग की हालत बिगड़ गई और लखीमपुर ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई झोलाछाप लोगों की जान ले चुके हैं। घटना का संज्ञान लेते हुए डीएम डॉ. गणपति आर. के निर्देश पर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई की टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपी झोलाछाप कौशल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व चिकित्सा आयोग अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर उसे बंदी बना लिया गया है।

## स्वास्थ्य शिविर में 300 लोगों ने लिया लाभ



मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, श्री पीतांबरा शिक्षा समिति और केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वावधान में शाह मजा कलंदर की दरगाह के सामने चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं दीं। डॉ. एसए मीर ने 178 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुलिका राय ने बांझपन व अन्य रोगों से पीड़ित 32 महिलाओं और डॉ. निशा गौतम ने भी मरीजों की जांच की। डॉ. हर्षित जैन ने 52 और सर्जन डॉ. सौरभ सिंह ने 47 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 65 लोगों की रक्त जांच भी की गई। इस मौके पर अंशुमान सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, मोहम्मद ताहिर, शाही इमाम, कारी अनवार आलम और मोहम्मद हसीन अंसारी आदि मौजूद रहे।



लोक अदालत को लेकर जागरूक करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

## लोक अदालत की दी गई जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर :** जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के आदेशानुसार कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सचिव विजयभान के निर्देशन में पीएलवी रहमत अंसारी द्वारा सरकारी कार्यालयों व गांवों में जन-चौपाल लगाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को कोतवाली लहरपुर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम सुरेश कुमार पटेल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष कमलेश वर्मा व महासचिव कृपा शंकर पांडेय ने भी लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की।

## दो माह से लापता व्यक्ति का नहीं लगा सुराग, दर्ज करायी गई गुमशुदगी

**लहरपुर, सीतापुर:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुगलपुर सैतियापुर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता एक व्यक्ति का दो माह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। थक-हारकर पीड़ित पुत्र ने अब कोतवाली में पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम मुगलपुर सैतियापुर निवासी महेंद्र कुमार के मुताबिक, उनके पिता श्रीराम (45) बीते 14 जनवरी को ग्राम लालपुर बाजार गए थे। वहां से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए और वापस घर नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पुत्र की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और पुलिस लापता व्यक्ति की तलाश कर रही है।



गैस एजेंसी वितरण का स्टाक रजिस्टर चेक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर।

## जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से गैस एजेंसी संचालकों में मची अफरा-तफरी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने सिधौली और महमूदाबाद क्षेत्र की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने महमूदाबाद की ऊषा गैस एजेंसी और कसमंडा स्थित भारत गैस एजेंसी पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर और वितरण प्रणाली की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि बुकिंग के आधार पर उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से सिलेंडर दिए जाएं और अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। उन्होंने मौके पर तैनात लेखपालों को पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने और प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से अन्य गैस एजेंसी संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

## आग से लाखों रुपये का सामान राख



अग्निकांड के बाद जला हुआ गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** नगर के मोहल्ला छावनी में एक घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हादसे में घरेलू सामान राख हो गया। मोहल्ला छावनी निवासी आजाद घर में देर रात आग भड़क उठी। शोर मचाने पर लोग जमा हो गए और निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि अग्निकांड में बर्तन, आलमारी, पंखा, बेड, टीन शेड और ईद की खरीदारी के लिए लाए गए कपड़े जल गए। एक लाख रुपये नकदी भी स्वाहा हो गई। उसने एसडीएम और कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक सहायता की मांग की है।



कंट्रोल रूम का जायजा लेते डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

## एसआई भर्ती परीक्षा में 56 फीसदी महिला अभ्यर्थी

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए जनपद में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के आठ केंद्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में कुल 11,520 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिनमें 56 प्रतिशत महिला परीक्षार्थी हैं। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। पुलिस लाइन में एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से सभी केंद्रों की सीसीटीवी के जरिए लाइव निगरानी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 5 सीओ और 20 इंस्पेक्टरों समेत भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। डीएम राजा गणपति व एसपी अंकुर अग्रवाल ने केंद्रों का निरीक्षण कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शुचिता से समझौता न किया जाए। निष्पक्षता के लिए स्टेटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मुस्तैद रहेंगे।

## संगोष्ठी में मिट्टी परीक्षण पर दिया जोर

**सीतापुर, अमृत विचार :** जयपालपुर में दूरदर्शन प्रसारण किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने उन्नत खेती के गुर सिखाए। कृषि विभाग के एके सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के उपाय बताए। उन्होंने विशेष रूप से मिट्टी परीक्षण करवाने का आग्रह किया ताकि खाद और बीज का सही संतुलन बना रहे। साथ ही, उन्होंने खाद व पानी के सटीक समय पर उपयोग की जानकारी दी। इस दौरान उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह ने फसल हार्वेस्टिंग सावधानियां विषय पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक धरोहर देख डीएम प्रसन्न

**महमूदाबाद, सीतापुर :** जिलाधिकारी राजा गणपति आर. अचानक महमूदाबाद पहुंचे और महमूदाबाद किले का जायजा लिया। शुक्रवार दोपहर बाद जिलाधिकारी महमूदाबाद किला पहुंचे, जहां उन्होंने किले की साफ-सफाई और रख-रखाव का जायजा लिया। किले की ऐतिहासिक धरोहर को देखकर जिलाधिकारी काफी प्रसन्न हुए। इस दौरान किले के सचिव अनवर हुसैन ने उन्हें किले के पुराने इतिहास और महत्व की जानकारी दी। डीएम के महमूदाबाद पहुंचने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालगांव पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, तालगांव पुलिस टीम ने वांछित नबी अहमद पुत्र मोहम्मद हुसैन, निवासी ग्राम अंगरासी को शेखवापुर मोड़ बाजार के पास से दबोचा। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में चोरी, अवैध शस्त्र और गोवध अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के कुल 21 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में विजयभान सिंह, आशीष तिवारी आदि शामिल रहे।

## योगासन में प्रदेश में चमका जिला

**सीतापुर, अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए सीतापुर की बालक व बालिका टीम ने योगासन में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा ने बताया कि 18 मंडलों के बीच हुई इस कड़ी स्पर्धा में सीतापुर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस उपलब्धि पर बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने प्रशिक्षक नीलम कुमारी, अनुपमा सिंह और पूरी टीम को बधाई दी।

## आठ वारंटी व एक जिला बदर को दबोचा

**सीतापुर, अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मानपुर पुलिस ने तालगांव निवासी अंकित सिंह को तमंचे व कारतूस संग गिरफ्तार किया। वहीं जिले के विभिन्न थानों ने कार्रवाई करते हुए आठ वांछितों और वारंटियों को दबोचा। महमूदाबाद पुलिस ने मो. समीर, थानगांव से मदन, महोली से असलम हुसैन और लहरपुर पुलिस ने वारंटी बदलू को गिरफ्तार किया। रेउसा पुलिस ने अंगू उर्फ बिहारी, उत्तम, छैलू और बाल गोविंद को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## पुलिस ने लौटाया खोया हुआ मोबाइल

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तत्परता का परिचय दिया है। पहली सफलता रामपुरकलां थाने को मिली जहां टीम ने गुमशुदा मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के जरिए ट्रैक कर बरामद किया। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया मोबाइल उसके मालिक अमित कुमार को सुपुर्द कर दिया। वहीं, कोतवाली देहात क्षेत्र की नेपालापुर चौकी प्रभारी गीता सिंह की टीम ने एक 5 वर्षीय मूकबधिर बालक को उसके परिजनों से मिलाया। यह बच्चा लावारिस हालत में घूमता मिला था, जिसकी सूचना एक ऑटो चालक ने पुलिस को दी थी।

न्यूज ब्रीफ

### छापेमारी में 38 लीटर कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली :** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। टीम द्वारा तहसील लालगंज के थाना खीरों अंतर्गत ग्राम महारानीगंज एवं नंदा खेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्रवाई की गई। दबिश के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए दो अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### बाइक सवार ने महिला से की मारपीट

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव निवासिनी कमलेश कुमारी पत्नी दिनेश कुमार गांव के मुख्य चौराहे से मांगलिक कार्यक्रम से होकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में बांदा बहराइच राजमार्ग पर पश्चिम गांव चौराहे के निकट पेट्रोल टंकी के पास एक अज्ञात बाइक सवार उस महिला के साथ छीना छपटी की। आरोप है कि उसने मारापीटा जिससे वह घायल हो गई। चीख पुकार पर ग्रामीणों को आता देख अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। महिला को निजी वाहन से घायल अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

### बाइक से गिरकर अधेड़ घायल

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंदनगंज गांव के पास हाईवे मार्ग पर बाइक फिसलने से रामफेर पुत्र मातादीन घायल हो गए। जिसे आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई गई है।

### पति पर प्रताड़ना का आरोप, शिकायत

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मल्हीपुर गांव की रहने वाली पीड़िता महिला वंदना ने अपने पति विजय शंकर की पुलिस से शिकायत की है। उसका आरोप है कि आए दिन उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता है। गुरुवार की देर शाम मारपीट करने से उसे गंभीर चोटे आई हैं। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

**सरेनी :** बुधवार की शाम को पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल रमेश चंद्र यादव ने बताया कि बीती शाम को उपनिरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ गेगासो क्रासिंग मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी सरेनी थाने के पूरे बेसन मजरे गेगासो निवासी हरिकेश सिंह उर्फ गब्बर पुत्र स्व. कालिका की तलाशी में एक अदद 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## निर्माणाधीन पुल के पास पत्थर से टकराया बाइक सवार, मौत

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पूरे बनिया मजरे डीहा निवासी बाइक सवार युवक नैया नाला के पास रखे पत्थर से टकरा गए। घटना में मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी लाई। चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की है। घटना की जांच में जुटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

राम कैलाश बाइक से बहनोई के घर से शुक्रवार करीब 7 बजे अयोध्या ससुराल के लिए निकला था। कैर गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास रखे एक पत्थर से टकरा गए। मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस उन्हें सीएचसी लाई। चिकित्सकों में उसकी मौत की पुष्टि की है।

**घायल की उपचार के दौरान मौत, महराजगंज:** कोतवाली क्षेत्र के पूरे इंदनी मजरे कुसुढ़ी सागरपुर निवासी राम मनोहर (55) बुधवार की रात एक निमंत्रण से साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में राजापुर गांव के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई।

## हैदरगढ़ चीनी मिल बंद होने से गन्ना उत्पादक किसान परेशान

सरेनी (रायबरेली)

समस्या

- सरेनी गन्ना क्रय केंद्र गत10 मार्च को अचानक कर दिया गया बंद

**अमृत विचार।** हैदरगढ़ चीनी मिल बंद होने से खेत में तैयार खड़ी गन्ने की फसल को लेकर दर्जनों किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। आलम यह है कि एक दर्जन भर गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां किसानों के दरवाजे पर तौल की प्रतीक्षा में खड़ी हैं। हैदरगढ़ चीनी मिल का सरेनी गन्ना क्रय केंद्र बीते 10 मार्च को अचानक बंद कर दिया गया। इससे गन्ना उत्पादक किसान परेशान हो गए हैं।

पहुरी गांव के गन्ना किसान लक्ष्मी शंकर सिंह ने बताया कि किसान सूर्यबक्श सिंह, अमरपाल सिंह, राकेश बहादुर सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, गोविंद सिंह, साजन सिंह, राघवेंद्र सिंह समेत दो दर्जन किसानों का 30 बीघा गन्ना वजन करीब सात हजार कुंतल खेतों में खड़ा रह गया है। इससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि तीन नोटिस देने के बाद फ्री पर्चियां आती थी इससे सभी किसानों का गन्ना तौल लिया जाता था। इस बार एक नोटिस के बाद ही मिल बंद करने की घोषणा कर दी गई। इससे किसान परेशान है। किसानों का कहना है कि यदि गन्ना तौला नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। उधर गन्ना सचिव राम प्रकाश यादव ने बताया कि मिल के अधिकारियों से बात हुई है। उन्होंने कहा है कि किसानों का गन्ना बीज के लिए मिल खरीद लेगी। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। किसी किसान का गन्ना खेतों में खड़ा नहीं रहेगा।



गन्ने की फसल के पास मौजूद किसान।

### जमुरवां गांव में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य से वाहन चालक परेशान, हो रहीं दुर्घटनाएं

**महराजगंज, अमृत विचार।** महराजगंज क्षेत्र के कुसुढ़ी सागरपुर से हसनपुर को जाने वाली सड़क पर जमुरवां गांव में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क पर आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इस पर विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जमुरवां निवासी दयाशंकर ने बताया कि गांव के ही आकाश श्रीवास्तव बीते एक सप्ताह पूर्व मोटरसाइकिल से इसी निर्माणाधीन पुलिया पर गिरकर चोटिल हो गए हैं। गांव निवासी अशोक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, हीरालाल, शिवहर्ष, विपत्ति राम अवध, विकास, नीरज, भगवानदेई आदि का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान बाईपास का निर्माण नहीं होने से वाहन चालक दुर्घटना में घायल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि शीघ्र ही कार्यकारी एजेंसी के ठेकेदार को बाईपास रोड का निर्माण करवाना चाहिए, ताकि राहगीरों व वाहन चालकों को असुविधा न हो। उन्होंने जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के पुलिया निर्माण में तेजी लाने की अपील की है। वहीं इस संबंध में में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी महिपाल सिंह ने बताया कि राहगीरों की समस्या को देख शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# बस स्टेशन से अस्पताल चौराहा तक जाम का कहर

## लोगों का रहता है आवागमन: दीवानी कचहरी के बाहर अवैध दुकानों पर प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** आवागमन सुचारु रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने 20 फिट सड़क को चौड़ा कर 30 फिट का कर दिया है। इसके बावजूद इस सड़क पर आने जाने वालों को अतिक्रमण और जाम का सामना करना पड़ता है। यहीं नहीं कभी-कभी एम्बुलेंस चालकों व अधिकारियों को हूटर बजाने के बावजूद रास्ता नहीं मिल पाता है।

इस सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराकर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को कारगर कदम उठाने होंगे। अन्यथा इस सड़क का जाम दिन प्रतिदिन नासूर बनकर आवागमन को प्रभावित करता रहेगा।

शहर का बस स्टेशन से अस्पताल चौराहा तक का मुख्य मार्ग इन दिनों अव्यवस्था, अतिक्रमण और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर दिनभर भीषण जाम लगा रहता है, जिससे आम नागरिकों, मरीजों और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस जाम की सबसे बड़ी वजह दीवानी कचहरी के गेट नंबर-1 के बाहर बनी अवैध दुकानों को माना जा रहा है। इन दुकानों के कारण यहां हर समय भारी भीड़ जमा रहती है, जिससे सड़क पूरी तरह बाधित हो जाती है और यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। आश्चर्यजनक और चिंताजनक बात यह है कि कचहरी जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र के ठीक बाहर अवैध दुकानों का वर्षों से बने रहना ही अपने आप में कई गंभीर सवाल खड़े करता है।

अधिवक्ता एसपी पांडेय, बृजेश शुक्ला का कहना है कि दीवानी कचहरी परिसर में पहले भी कई बार आपराधिक घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से यह इलाका अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। इसके बावजूद कचहरी की बाउंड्री के बाहर अतिक्रमण और अवैध दुकानों का खुलेआम संचालित होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय का स्पष्ट निर्देश है कि सरकारी भवनों और संवेदनशील संस्थानों की बाउंड्री को पूरी तरह सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। इसके बावजूद दीवानी कचहरी गेट नंबर-एक के बाहर अवैध दुकानों का बना रहना न केवल न्यायालय के आदेशों की अवहेलना प्रतीत होता है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है। स्थानीय नागरिक बब्लू, अर्जुन का आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता और ढुलमुल रवैये के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता रोजाना जाम की मार झेलने को मजबूर है।



बस स्टेशन से अस्पताल चौराहे की सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

### लोगों का कहना-हो सकती है अप्रिय घटना

लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग से अतिक्रमण हटाकर विशेष रूप से दीवानी कचहरी गेट नंबर-एक के बाहर बनी अवैध दुकानों को नहीं हटाया गया, तो किसी भी दिन बड़ी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। यातायात प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि जाम लगने का प्रमुख कारण अवैध अतिक्रमण एवं पार्किंग स्थल न होना है। सभी चौराहों पर यातायात कर्मी लगाए गए हैं।

### तीर्थ यात्रा पर निकले युवकों का हुआ स्वागत

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज नगर के सुजल जायसवाल और अंकित अग्रहरि लालगंज से खाटू श्याम जी, सालासर बालाजी और सांवरियां सेठ चित्तौड़गढ़ की 1400 किलोमीटर की तीर्थ यात्रा पैदल करने जा रहे हैं। इस दौरान लोगों ने युवकों का स्वागत सम्मान किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता कृष्णा ने बताया कि लक्ष्मी वस्त्रालय द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, बबलू गुप्ता, सुशील शुक्ला, कृष्णा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**सरेनी।** माह रमजान के 22वें रोजे के अवसर पर जनपद के विकास खंड क्षेत्र के चांदपुर गांव में मुजाहित खान द्वारा रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और अन्य व्यंजनों से रोजा खोला। इफ्तार के बाद सभी ने नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस अवसर पर मुजाहिर खान, इजराइल खान, सुजीत खान, पीर गुलाम, नईम खान, डॉ. ख्वाजा हामिद, सलीम खान, बाबू खान, अमीन प्रधान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी अलर्ट

**बछरावां।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशन एवं एसपी रवि कुमार के नेतृत्व में जनपद में होली के जुलूस और ईद की अलविदा की नमाज के दृष्टिगत अपर जिला अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी जनपद के अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और उनके द्वारा उक्त कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक सैयद नियाजी हुसैन, थुलेडी चौकी इंचार्ज राहुल सिंह चौहान सहित स्थानीय थाने का स्टाफ एवं अन्य पुलिसकर्मी रहे।

### कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के उसरहा निवासी एक विधवा महिला की भूमि को धोखाधड़ी से दोबारा बेचने और कब्जा करने के प्रयास में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता राज कुमारी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके दिवंगत पति सालिकराम ने पूर्व में कुसुढीसागरपुर स्थित एक प्लॉट सन्त प्रसाद और सन्त कुमार से खरीदा था। आरोप है कि जब उनके पति बीमार थे, तब सन्त प्रसाद और सन्त कुमार ने छल-कपट करते हुए जमीन का कुछ हिस्सा एक अन्य व्यक्ति शंकरन को बेच दिया। इस विवाद को लेकर सालिकराम ने न्यायालय में वाद दायर किया था। 14 अप्रैल 2017 को न्यायालय ने पीड़िता के पक्ष में आदेश देते हुए विपक्षियों को जमीन पर कब्जे और दखलंदाजी पर रोक लगा दी। बावजूद न्यायालय के स्थगन आदेश के भूमाफिया राकेश कुमार ने सांठगांठ कर 24 दिसम्बर 2025 को तथ्यों को छिपाते हुए उसी जमीन का दोबारा बैनामा करा लिया गया। राज कुमारी ने बताया कि जमीन हड़पने की इस साजिश के खिलाफ उन्होंने महराजगंज थाना, पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर भी गुहार लगाई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद महराजगंज पुलिस एक्शन मोड में आई है। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी सन्त प्रसाद, सन्त कुमार और राकेश कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट कर 7 लाख रुपये उठा ले जाने का आरोप

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव होरैसा निवासी अनुज सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उसका कहना है कि शनिवार को उनकी बहन की शादी थी। पूरा परिवार शादी की तैयारी में व्यस्त था। इस बीच गुरुवार को उनके कुछ रिश्तेदार कार और बाइक से आए तथा धावा बोलकर उनके घर में घुस गए और परिजनों के साथ मारपीट की तथा घर में रखा सात लाख रुपया और उनके पिता के बड़े भाई शारदा बक्स सिंह को जबरन कार में बैठाकर उठा ले गए। घटना के समय पीड़ित ने डायल 112 को सूचना दी, किंतु जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, तब तक आरोपित भाग चुके थे। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मामला जमीनी विवाद का है। घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि होरेसा गांव में हुई लुट और अपहरण की घटना वास्तव में जमीनी विवाद है। गांव निवासी शारदा बक्स सिंह के कोई बेटा नहीं है। उनके दो बेटियां थी, जिनकी शादी हो चुकी है। उन्होंने अपने हिस्से की पूरी जमीन अपने भाई को लिख दी थी। इसी पैतृक जमीन को लेकर उनकी बेटियों और बहन बहनोई विवाद कर रहे है। हाल में हुई घटना की पृष्ठभूमि में यही विवाद है।

## एनटीपीसी की पाइपलाइन से चोरी करता पिकअप चालक गिरफ्तार



पाइप लाइन से चोरी के पाइप से साथ पकड़ा गया अभियुक्त। अमृत विचार

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पुलिस ने एनटीपीसी की राख पाइपलाइन से लोहे के पाइप चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक पिकअप चालक को चोरी के सामान के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

एनटीपीसी परियोजना से निकलने वाली राख को तीन पाइपलाइन के माध्यम से अरखा गांव स्थित ऐश पॉण्ड तक ले जाया जाता है। ये पाइप पुराने होने के कारण वर्तमान में निष्प्रयोज्य हो चुके थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने गुरुवार की रात पाइपों को काटकर पिकअप पर लाद लिया और उन्हें बेचने की फिराक में थे। मुखबिर की सटीक सूचना पर सब इंस्पेक्टर सौरभ पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप चालक रमेश कुमार (निवासी पूरे गुर्जर, मजरे कंदरावां) को दबोच लिया। तलाशी के दौरान पिकअप से लोहे के 24 नग पाइप बरामद हुए, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए चालक ने पूछताछ में बताया कि मुगलपुर गांव निवासी उसके दो अन्य साथी भी इस चोरी में शामिल थे, जो पुलिस को देखते ही अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

## बुम्बरो-बुम्बरो गीत पर बच्चों ने मचाया धमाल



समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे व मौजूद अतिथि।



राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का भ्रमण करते स्कूली बच्चे।

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोझइया भीखम शाह में शुक्रवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह रहे।

समारोह में छात्रों ने नृत्य, नाटक और गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर राजस्थानी गीत "बुम्बरो-बुम्बरो श्याम रंग बुम्बरो, आए हो किस बगिया से" पर बच्चों के समूह नृत्य ने समां बांध दिया। शिक्षक शिवकुमार सिंह ने निजी कोष से दो कूलर प्रधानाध्यापक दीपक कुमार को भेंट किए। ब्लॉक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने किए जा रहे प्रयासों को सराहा। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को सहायक शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप दी जाएगी। इस दौरान वहीं ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह, प्रधानाध्यापक दीपक कुमार, शिक्षक धीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मुदिता बाजपेई, शिवकुमार सिंह, सुषमा तिवारी, कंचन लता, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आरती शर्मा, विवेक कुमार सिंह, आभा बिंदादीन, ज्ञान देवी, दुर्गेश नंदिनी, दिवाकर मिश्रा, ग्राम प्रधान बबलू चौधरी, राजकुमार सिंह चौहान, उमेश द्विवेदी, अजय आरपी, संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

**छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का किया शैक्षिक भ्रमण, छतोह:** विज्ञान एवं गणित विषय की क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सौ छात्र-छात्राओं को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का भ्रमण कराया गया। यह शैक्षिक भ्रमण ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह से रवाना हुई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विमानन क्षेत्र की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण प्रक्रिया तथा आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे उनमें विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान बीईओ छतोह विजय प्रकाश विनोद कुमार कोरी, गिरजेश सिंह, अपर्णा चौधरी, प्रीतेश सिंह, नीलम मौर्य, दिनेश कुमार, विक्रम कुमार, जय करन, राजेश कुमार, उत्कर्ष सिंह आदि रहे।

### दम बनी रहे, घर चुवा करे से माहौल हुआ खुशनुमा



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन की ओर से स्थानीय एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हास्य कवि सम्मेलन, रंगोत्सव तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में फतेहपुर से आए कवि समीर शुक्ला ने अपने लोकप्रिय गीत "दम बनी रहे, घर चुवा करे" प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं राघवेन्द्र सिंह 'राघव' ने अपने चुटीले और हास्यपूर्ण अंदाज से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। शायर जमीर ने दिलजली और बेवफा शायरी सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को पुराने दिनों की यादों में ले गए। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक खान ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में संरक्षक समिति से एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव, सूरज शुक्ला, अमित शुक्ला, नवीन सिंह, आज़मी जमाल, मोहम्मद अयाज़, शक्ति ओझा तथा अनुशासन समिति से मनीष निगम, ध्रुव उपस्थित रहे। इसके अलावा धीरज, सोमेश चंद्र, सुनील, अंकुर, अमरेन्द्र, देवेन्द्र, पवन विक्रम, प्रवीण शुक्ला, अखिल, गीतेश दीक्षित, आकाश श्रीवास्तव, रत्नेश आदि लोग मौजूद रहे।

सुविधा

उपसभापति और शिक्षक विधायक के प्रति विद्यालय के प्रबन्धक व शिक्षकों ने दिया धन्यवाद

# 1.60 करोड़ से बैसवारा इण्टर कॉलेज का होगा सौंदर्यीकरण

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न हो चुकी हैं। परीक्षा के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप सिंह, उपशिक्षा निदेशक अर्चना दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह व शासन के अन्य उच्चाधिकारियों ने दौरा कर विद्यालय की रूपरेखा को देखकर प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह एवं विद्यालय प्रबन्धन की सराहना की। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के बाद बैसवारा अब अपने नये स्वरूप में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत एक करोड़ साठ लाख की धनराशि से सजने-संवरने लगा है।

विद्यालय का प्राचीन इतिहास और वर्तमान समय का संचालन दोनों ही पूरे उत्तर प्रदेश में रायबरेली जनपद और बैसवारा क्षेत्र को गौरवान्वित करने में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। विद्यालय में पठन-पाठन की प्रकिया सुचारु रूप से संचालित होती रहे जिसके तहत ई लाइब्रेरी हेतु उपसभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने विद्यालय को 10 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की है। साथ ही शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने भी 6 लाख रुपये की धनराशि अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रदान की है। उपसभापति और शिक्षक विधायक के प्रति विद्यालय के प्रबन्धक लाल देवेन्द्र बहादुर सिंह, उपप्रबन्धक कुंवर ब्रह्मप्रकाश सिंह, प्रबन्ध कार्यकारिणी के सदस्य अवनेन्द्र बहादुर सिंह, महेश प्रताप सिंह, शिक्षक सुनील त्रिपाठी, विनोद सिंह, राजेन्द्र राठौर, बीके शुक्ला, जितेन्द्र मौर्य, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी साहू, डॉ. संजू सिंह, सपना सिंह, सरिता आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रधानाचार्य ने सभी नगर वासियों से अपील है कि अपने पाल्य का प्रवेश उनके विद्यालय में ही करायें।

### विद्यालय को मिले वन संपदा से 5.03 लाख रुपये

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी परिसर में स्थित यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की शुक्रवार को नीलामी कराई गई। नीलामी प्रक्रिया शिवगढ़ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रधानाध्यापक विश्वनाथ प्रताप दुबे के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। नीलामी ग्राम प्रधान अशर्फीलाल यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयकरन सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। नीलामी की न्यूनतम बोली 2 लाख 27 हजार रुपये निर्धारित की गई थी। नीलामी में रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, फतेहपुर और बाराबंकी सहित विभिन्न जिलों से कुल 12 लोगों ने प्रतिभाग किया। बोली की शुरुआत उन्नाव के हेमन्त शर्मा ने 2 लाख 30 हजार रुपये से की और अंत में उन्होंने ही 5 लाख 3 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर नीलामी अपने नाम कर ली। दूसरी सबसे बड़ी बोली जय बनवारी दास ट्रेडर्स, शिवगढ़ की ओर से 5 लाख 2 हजार रुपये लगाई गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि केतार पासी, शिक्षक राजकुमार सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सचिन शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ प्रताप दुबे ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सभी के समक्ष सम्पन्न हुई है।




पेड़ों की नीलामी की कार्रवाई कराते अधिकारी।

### सात वर्ष के मासूम से दरिंदगी, दी गई तहरीर

**सरेनी।** चार दिन पहले क्रिकेट खेल रहे सात वर्ष के मासूम के साथ गैर समुदाय के युवक ने सूनसान जगह पर ले जाकर दरिंदगी की। बुधवार की शाम रो-रो कर मासूम ने मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मां ने तहरीर देकर गेगासो चौकी पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के एक गांव का 7 वर्ष का मासूम बीती 8 मार्च को बड़े शिवाला मंदिर मैदान में क्रिकेट खेल रहा था। इस दौरान गांव का ही एक गैर समुदाय का युवक मासूम को बहला फुसलाकर झाड़ियां में ले जाकर उसके साथ मुंहकाला किया। युवक की दरिंदगी से छूटने के बाद मासूम घर पहुंचा। इस बीच खामोश बैठे मासूम से परिजनों ने बातचीत की तो उसने आपबीती बताई। इसके बाद पीड़ित मां उसे लेकर गेगासो पुलिस चौकी पहुंची और तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

**न्यूज ब्रीफ**

### फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**जगदीशपुर (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के हारिमऊ में शुक्रवार सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान हारीमऊ पंचायत निवासी 19 वर्षीय सबरीन पुत्री मकबूल के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे की है। परिवार के सदस्य सबरीन को बुलाने उसके कमरे में गए जहां उसे फांसी के फंदे से लटका देख दंग रह गए परिवार मे चीख-पुकार मच गई, जिसके चलते आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इस सम्बन्ध मे कोतवाल धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक सबरीन किसी अज्ञात कारण से मानसिक तनाव में थी। हालांकि, आत्महत्या का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है पी एम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चल सकेगा।

### युवक ने साढ़ू पर चाकू से किया हमला

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** शुक्रवार को रात बहुभोज के दौरान एक युवक ने अपने साढ़ू पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा को इलाज के लिए मुसाफिरखाना सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पर कर दिया गया है।फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में।जुटी हुई है। दरअसल यह पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित वार्ड नंबर 6 का है।जहां आज रात एक बहुभुज का कार्यक्रम चल रहा था।इसी दौरान सुल्तानपुर जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र का रहने वाला रोहित विश्वकर्मा मौके पर पहुंचा और अपने सगे साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा पुत्र जग प्रसाद वार्ड नंबर 6 पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय बहादुर को परिजन मुसाफिरखाना सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच में जुट गई है।वहीं पूरे मामले पर मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।घटना का कारण क्या है यह भी पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृश्य लग रहा है कि दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद आरोप युवक ने अपने साढ़ू पर चाकू से हमला कर दिया।।

### 4 अप्रैल को दिल्ली में शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**रायबरेली :** बेसिक शिक्षा परिषद में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से दो अप्रैल को चक अहमदपुर में किया जाएगा। इसके साथ टीएफआई के आह्वान पर टेट अनिवार्यता के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले धरने को सफल बनाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि भव्य तरीके से इस वर्ष भी शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों से सेवानिवृत्त होने जा रहे शिक्षकों की सूची मांगी गई है। 31 मार्च 2026 को पूरे जिले में कुल 69 शिक्षक सेवा निवृत्त होने जा रहे शिक्षकों के देयकों के आवेदन पत्रावलियों के प्रेषण के संबंध में सभी ब्लॉक अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि जनपदीय कार्य समिति के चुनाव व त्रैवार्षिक अधिवेशन के संबंध में भी सभी से चर्चा की गई है।

# पीड़ित महिलाओं को शीघ्र दिलाया जाए न्याय

## महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी से 25 महिलाओं ने की शिकायतें, समीक्षा करके दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली



जन सुनवाई करतीं महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी व मौजूद अन्य अधिकारी।


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देतीं महिला आयोग की सदस्य।

**अमृत विचार।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने जिला पंचायत सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े अन्य मामलों के संबंध में अधिकारियों से समीक्षा की। यहां पर उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से कराया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर भी कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक जिन प्रकरणों में कार्रवाई लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 25 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका ने विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचकर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी दौरान गौरीगंज तहसील में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने जनसुनवाई कर 33 महिलाओं की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा कर महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिला अस्पताल में उन्होंने एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरियों को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिससे सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की। वन स्टॉप सेंटर में डॉ. मौर्या ने पीड़ित महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं से बातचीत कर उन्हें शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। आंगनबाड़ी केंद्र रायपुर फुलवारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दिवंगत योगेंद्र मिश्रा को दी श्रद्धांजलि



दिवंगत योगेंद्र मिश्रा को श्रद्धांजलि देते अमेठी सांसद। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत योगेंद्र मिश्रा की तेरहवीं (श्रद्धांजलि) संस्कार का आयोजन उनके निवास पर किया गया। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दिवंगत मिश्रा के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि योगेंद्र मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए थे। उनके निधन से पार्टी और क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। शर्मा ने परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी नेताओं ने दिवंगत मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह कार्यक्रम गौरीगंज क्षेत्र में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल भी मौजूद थे। रायबरेली अध्यक्ष पंकज तिवारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रामपुर खास के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विजय पासी भाजपा नेता गोविंद चौहान, शशिकांत तिवारी, राजेश विक्रम सिंह, ओपी चौधरी और निर्मल शुक्ला भी उपस्थित रहे। वरिष्ठों में डॉ संजय सिंह भी इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

# कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन पर विचार-विमर्श


बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

सरेनी/लालगंज (रायबरेली)


**अमृत विचार।** सरेनी ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यहां पर ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने व आने वाले पंचायत चुनाव के संबंध में चर्चा की गई। जिला सचिव/प्रभारी कामता प्रसाद गौड़ ने बताया कि सांसद राहुल गांधी के प्रयासों से 14 से 16 मार्च तक तीन दिवसीय निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा मदर टेरेसा इंटर कॉलेज में किया जाएगा।बैठक में जिला सचिव गिरीश सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, बजरंग सिंह, मयंक यादव, महेंद्र कुशवाहा, न्याय पंचायत अध्यक्ष वाजपेई, पीर गुलाम, मोहम्मद अमीन, रवि त्रिपाठी, केपी यादव, रामकुमार पासवान रहे।

# अमन-चैन के लिए मांगी गई दुआ

जायस/अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद के जायस नगर में रमजान के अन्तिम शुक्रवार की नमाज अकीदत एवं अमन के माहौल में सम्पन्न हो गयी। प्रशासन द्वारा मस्जिदों के आस -पास सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी थी। उपजिलाधिकारी तिलोई अमित कुमार सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक तिलोई दिनेश मिश्र द्वारा मौके पर मौजूद रह कर अनवरत निगरानी की। नमाज में खुद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनीषा सिंह जामा मस्जिद पहुंच कर रोजे दारों, नमाजियों को मुबारक बाद दी उन्होंने लोगों को इस पावन महीने में अमन एवं शांति बनाए रखकर त्योहार मनाने तथा समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद की अपील की।

**बरती गई सतर्कता**


मस्जिद के बाहर मौजूद एसडीएम व सीओ।

वहीं अमेठी कस्बे स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और सुरक्षा के बड़े पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमे के मौके पर एसडीएम आशीष सिंह और सीओ मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक टीम लगातार मौके पर मौजूद रही। गांधी चौक से लेकर जामा मस्जिद परिसर तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे नमाज के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके।

नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जामा मस्जिद पहुंचे। लोगों ने अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के दौरान पुलिस बल भीड़ को व्यवस्थित करता रहा और पूरे इलाके में ड्रोन से निगरानी रखी गई। जिला प्रशासन की सतर्कता के चलते अलविदा जुमे की नमाज पूरी तरह सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। एसडीएम आशीष सिंह और सीओ मनोज मिश्रा ने बताया कि अलविदा जुमे के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। आखिरी जुमे की नमाज लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अदा की और कहीं से किसी प्रकार की कोई समस्या की सूचना नहीं मिली।

### लकी ड्रॉ में नैंसी को मिली स्कूटी


कार्यक्रम में मिली स्कूटी के साथ वर-वधू व मौजूद आयोजक मंडल।

**लालगंज (रायबरेली)।** सर्व स्वर्णकार सेवा संस्था द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में लकी ड्रा के द्वारा एक वर वधू को स्कूटी प्रदान की गई। संस्था के द्वारा 16 जोड़ों के मध्य पर्ची डालकर स्कूटी देने के लिए लकी ड्रा का आयोजन किया गया। लकी ड्रा में भगवंत नगर उन्नाव की नैन्सी और लखनऊ के प्रिंस सोनी का जोड़ा भाग्यशाली रहा। आयोजक मंडल के द्वारा नैंसी और प्रिंस को स्कूटी प्रदान की गई। संस्था के संरक्षक और व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि आगे भी प्रतिवर्ष ऐसा आयोजन करने तथा स्वर्णकार समाज के शैक्षणिक-आर्थिक उन्नति के लिए कोचिंग व कौशल-प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना घोषित की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, कांग्रेस नेता महेश शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता, अतुल त्रिपाठी, बच्चा पांडे, चंद्रप्रकाश पांडे, अरुण सिंह मुन्ना, लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह आदि प्रबुद्धजनों का स्वागत सम्मान भी किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सोनू सोनी, रामबाबू सोनी, पप्पू सोनी, महेश सोनी, संजय सोनी, अनिल सोनी, पुरुषोत्तम सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के पौराणिक देवी हिंगलाज धाम में चल रही श्री राम कथा के पंचम दिवस गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दूर से आए भक्तों ने कथा स्थल पर पहुंचकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र का श्रवण किया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। आगरा से पधारी कथा व्यास साध्वी रेखा रामायणी ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म और मर्यादा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने पुत्र धर्म, भाईचारे, मित्रता और राजधर्म का पालन करते हुए यह सिद्ध किया कि जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, धर्म और सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कथाव्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हर संबंध और कर्तव्य का आदर्श रूप प्रस्तुत किया। उनका चरित्र युगों-युगों तक मानव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। कथा के दौरान कृपा शंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, जनार्दन तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, दुर्गेश तिवारी, महेंद्र मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, पवन सिंह, प्रशांत, निशांत, लकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भक्तों ने भण्डारे में चखा प्रसाद


श्री बरखण्डीनाथ मन्दिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** क्षेत्र के श्री बरखण्डीनाथ मन्दिर में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर भण्डारे एवं जागरण का भव्य आयोजन किया गया। भण्डारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बड़ी ही शिद्दत के साथ मन्दिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं। वहीं गायकों ने एक से एक भक्ति गीत गाकर सभी को भक्तिरस में डुबो दिया। जागरण के दौरान झांकी कलाकारों ने विघ्न विनाशक गणेश, महाकाल की भस्म आरती, श्रीकृष्ण रासलीला, मथुरा वृन्दावन की फूलों की होली, बाहुबली हनुमान आदि झांकियों की अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी अंजनी दीक्षित को आयोजन कमेटी द्वारा माला पहनाकर एवं राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित, देवी प्रसाद मिश्रा, अनूप मिश्रा, राकेश त्रिवेदी, कन्हैया मिश्रा, अनिल शुक्ला, सुशील गिरि आदि लोग उपस्थित रहे।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारा आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज के विष्णु खेड़ा गांव में मां शीतला माता मंदिर में चल रही भागवत कथा के आखिरी दिन हवन पूजन के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भागवत कथा के यजमान रहे स्वतंत्र देव मिश्रा ने बताया कि भंडारे के प्रसाद में पूडी सब्जी और बूंदी का वितरण किया गया। विजय सिंह, संजय सिंह, विश्वनाथ सोनी सहित हजारों भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम मां शीतला युवा कमेटी द्वारा आयोजन किया गया था।

# पीएम किसान सम्मान निधि की भेजी गई 22वीं किस्त

खीरों (रायबरेली)


खीरों के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुवाहाटी से रिमोट की बटन दबाकर ऑनलाइन पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की गई। जिसका कृषि विभाग द्वारा ब्लाक मुख्यालय खीरों के सभागार में सजीव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को कृषि सम्बन्धी अनेक जानकारी दी गई।

कृषि विभाग के एडीओ एजी रामलखन ने किसानों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुवाहाटी से 392330 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं

**आयोजन**

किस्त जारी कर दी है। जिसे किसानों को कृषि के क्षेत्र में उपयोग करना चाहिए।

खण्ड तकनीकी प्रबंधक मुकेश कुमार मिश्रा ने किसानों को बताया कि जिन किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की धनराशि नहीं आ रही है। वे किसान ईकेवाईसी कराकर नजदीकी पोस्ट ऑफिस में 200 रुपए जमाकर खाता खुलवा लें। योजना का लाभ मिलने लगेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भाजपा सन्तोष कुमार पासवान ने की। इस अवसर पर कृषि विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी तथा काफी संख्या में किसान और भाजपाई उपस्थित थे।

**किसान सम्मान निधि ने अमेठी के लाखों किसान लाभान्वित, अमेठी:** प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी, असम में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। इसमें जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक और अपर जिला कृषि अधिकारी अमेठी सहित लगभग 100 से अधिक कृषक एवं विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसान भाइयों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें खेती से संबंधित समसामयिक तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। आज 13 मार्च, 2026 को जनपद अमेठी के 241882 किसान भाइयों के खातों में किसान सम्मान निधि की किस्त सीधे हस्तांतरित हुई है। अमेठी जनपद में ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' का व्यापक प्रसारण सुनिश्चित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा, अमेठी और समस्त विकास खंडों में किसान कल्याण केंद्रों पर सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों और जनसुविधा केंद्रों ने भी ग्राम पंचायतों में वर्चुअल माध्यम से किसानों को जोड़ा गया।

**मिसाल**

**जनपद में आंख वाले वाजपेयीके नाम से मशहूर गोपी चंद्र वाजपेयी**

# एक लाख लोगों की आंखों की रोशनी लौटा चुके गोपी

उमेश त्रिवेदी, सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाले गोपी वाजपेयी पिछले 16 सालों से लोगों के आंखों की रोशनी लौटाने में जुटे हैं। वे अब तक नेत्र शिविर के जरिए लगभग एक लाख लोगों की आंखों की खोई हुई रोशनी लौटा चुके हैं। उनके इस जुनून ने जनपद में उन्हें आंख वाले वाजपेयी के रूप में नई पहचान भी दी है।

लोगों की मिसाल बन गए गोपी चंद्र वाजपेयी बताते हैं कि दिसंबर 2005 में अमेठी के मुंशीगंज कस्बे में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन हुआ। यहां संसदीय क्षेत्र का पहला नेत्र शिविर लगा। इस शिविर में सेवादल कार्यकर्ता के रूप में गोपी को भी पहुंचना था। गोपी की इच्छा थी कि इस शिविर में अपने गांव के कई मरीजों को ले जाएं। हालांकि संसाधनों का अभाव आड़े आया। शिविर में वे खुद तो पहुंचे लेकिन मरीजों को न ले जा पाने का मलाल उनके मन में बस गया। यही वो दिन था जब गोपीचंद के मन में प्रेरणा जगी। उन्होंने अपने गांव में ही कैंप लगवाने की ठान ली। कैंप लगवाने की ललक ने उन्हें लाइफ लाइन ट्रेन तक पहुंचाया जो गौरीगंज, रायबरेली, ऊंचाहार, जगदीशपुर व बछरावां में खड़ी हुआ करती थी। तभी उनकी मुलाकात इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय की देख रेख करने वाले विंगकमांडर मनोज मट्टू से हुई। मट्टू की मदद से उन्होंने अपने गांव उसरहा में वर्ष 2006 में पहला आई कैंप लगवाया। तभी से यह सिलसिला अनवरत जारी है। यहां लगने वाले कैंप में गोपी चंद वाजपेयी मरीजों को घर से लाने से लेकर उन्हें पहुंचाने तक की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे हैं।


गोपी चंद्र वाजपेयी।



नेत्र शिविर में मरीज का उपचार करतीं चिकित्सक व मौजूद लोग। अमृत विचार

मरीजों की सेवा ही उनकी दिनचर्या है इसमें ही वे अपना सुकून मानते हैं। मरीजों को भी गोपी बाजपेई पर पूरा भरोसा है। इसी सेवा के चलते हर कोई उन्हें आंख वाले बाजपेई के नाम से जान रहा है।

**55 हजार मरीजों का करवा चुके ऑपरेशन:** छोटे से गांव उसरहा में वे अब तक दो सौ पचास कैंप लगवा चुके हैं। उनकी ओर से लगवाए जा रहे नेत्र शिविर में अब तक करीब एक लाख मरीजों की आंखों का उपचार हो चुका है। उनकी ओर से लगवाए गए शिविर में जिसमें 55 हजार मरीजों का ऑपरेशन भी शामिल है।

**208 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण:** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र मुंशीगंज अमेठी के सौजन्य से एक दिवशीय निशुल्क नेत्र शिविर में शुक्रवार को आयी डॉ जानवी ने 208 मरीजों का नेत्र परिक्षण किया गया जिसमें मोतियाबिंद अप्रेशन के लिए 76मरीजों को भर्ती किया गया,25 लोगो को नज़र का चश्मा दिया गया व 107 मरीजों को दवाएं दी गयी। इस अवसर पर कल्पनाथ यादव, विनीता, सुधा, रेनू,साक्षी, रितिका, अमर, अभिषेक वाजपेयी, महादेव गुप्ता, पप्पू यादव, उत्तम गुप्ता, आदित्य सिंह, अंतिम सिंह, कमलेश पांडेय आदि लोग रहे।

### कई बार मिला सम्मान

गोपी वाजपेयी को अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल के अलावा तमाम लोग सराहना व सम्मान से नवाज चुके हैं। वर्ष 2009 में मिस मोरीकान के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल कैंप का भ्रमण करने पंहुचा। प्रतिनिधि मंडल ने बाजपेई की काफी सराहना की। 2011 में टाटा हॉस्पिटल मुंबई के वायस चेयरमैन डॉ. जाटव, वर्ष 2012 में राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ डॉ. अनिल तारा, अरविंद नेत्र चिकित्सालय चेन्नई के संस्थापक डॉ. अरविंद, सांसद राहुल गांधी, लखनऊ के तत्कालीन डीएम ओम प्रकाश समेत 2019 में दिल्ली एनजीओ के संस्थापक ओम प्रकाश पांडेय भी सम्मानित कर चुके हैं।

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोप, एक महीने बाद दर्ज हुआ केस

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता की दादी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, घटना 13 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। उस समय घर पर नाबालिग लड़की अकेली थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। आरोप है कि गांव का ही एक युवक घर में घुस आया और लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा। इसी दौरान परिवार के एक परिचित व्यक्ति के घर पहुंचने पर आरोपी पीछे के दरवाजे से भाग गया। घटना की जानकारी लड़की ने बाद में अपनी दादी को दी, जिसके बाद गुरुवार को थाने में लिखित शिकायत दी गई। पीड़िता की दादी ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

